# सी.सी.पी.एस. द्वारा 'बिल्डिंग्स में उचित ग्लास का चुनाव' पर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन; उक्त आयोजन में एआईएस ग्लास सोल्यूशन्स लि० मुख्य भूमिका निभा रही है

नई दिल्ली स्थित एक अलाभकारी संगठन के रूप में स्थापित कन्फीडेरेशन ऑफ कन्स्ट्रक्शन प्रोडक्ट्स एण्ड सर्विसेस (सी.सी.पी.एस.) एक ऐसा संगठन है जो कन्स्ट्रक्शन के क्षेत्र में गुणवत्ता एवम् सक्षमता के सुधार हेतु समर्पित है। सी.सी.पी.एस. ने अभी हाल ही में अपने उक्त सकारात्मक एवम् संरचनात्मक उद्देश्य हेतु देश की एक अभिनव क्रान्तिकारी ग्लास प्रोसेसिंग कम्पनी - मैसर्स एआईएस ग्लास सोल्यूशन्स लि० के सहयोग से 'आधुनिक बिल्डिंग्स में उचित कांच के चुनाव' विषय पर आर्किटेक्ट्स, बिल्डर्स, कान्ट्रेक्टर्स, फेसीलिटी मैनेजर्स एवम् कन्स्ट्रक्शन उद्योग से जुड़े हुए अन्य व्यक्तियों के लिये एक ट्रेनिंग प्रोग्राम के आयोजन का बीड़ा उठाया है।

यह सर्वत्र दृष्टव्य है कि आधुनिक बिल्डिंग्स में कांच का उपयोग निरन्तर बढ़ रहा है। अपनी अन्तर्निहित विशिष्ट विशेषताओं एवम् उपयोगिता के कारण आधुनिक बिल्डिंग्स में कांच एक अपरिहार्य आवश्यकता (Indispensable Necessity) बन गया है और कांच के उपयोग के बगैर किसी भी आधुनिक बिल्डिंग की कल्पना नहीं की जा सकती। बिल्डिंग उद्योग में कांच की इस महती अपरिहार्य आवश्यकता को देखते हुए उक्त क्षेत्र के प्रोफेशनल्स के लिये यह आवश्यक हो गया है कि वे बिल्डिंग्स में सुरक्षा एवम् ऊर्जा के दृष्टिकोण से कांच के उपयुक्त चुनाव पर ध्यान दें। इसी उद्देश्य की आपूर्ति हेतु सी.सी.पी.एस. ने एआईएस ग्लास सोल्यूशन्स लि० के सहयोग से समय-समय पर देश के विभिन्न महानगरों/शहरों में 'बिल्डिंग्स में उचित कांच का चुनाव' विषय पर एक सघन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन करने का एक चुनौतिपूर्ण बीड़ा उठाया है। उक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत पहले दो चरणों में कन्स्ट्रक्शन उद्योग से जुड़े हुए 1000 प्रोफेशनल्स को देश के 7 शहरों में और तीसरे चरण के अन्तर्गत भी देश के मुख्य शहरों में और 1000 लोगों को ट्रेनिंग दी जायेगी। आगामी छः महीनों के दौरान देश के विभिन्न महानगरों/शहरों में सी.सी.पी.एस. द्वारा जो ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है उसकी तिथियों एवम् स्थानों को इस प्रकार सूचीबद्ध किया गया है : -

| तिथि | स्थान | तिथि | स्थान | तिथि | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 मई, 06 | कोलकाता | 15 जुलाई, 06 | अहमदाबाद | 9 सितम्बर, 06 | दिल्ली |
| 3 जून, 06 | लखनऊ | 29 जुलाई, 06 | चैन्नई | 23 सितम्बर, 06 | जोधपुर |
| 17 जून, 06 | मंगलौर | 12 अगस्त, 06 | जयपुर | 7 अक्टूबर, 06 | बंगलौर |
| 1 जुलाई, 06 | मुम्बई | 26 अगस्त, 06 | पुणे | 21 अक्टूबर, 06 | हैदराबाद |

उक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत ट्रेनिंग कोर्स में हीट कन्ट्रोल एवम् शोर नियन्त्रित कांच, थर्मल ब्रेकेज, सेफ्टी एवम् सिक्योरिटी से सम्बन्धित कांच के आधारभूत तत्त्वों की जानकारी दी जायेगी। प्रोग्राम में भाग लेने वालों को टेम्पर्ड ग्लास, लेमिनेटिड ग्लास, इन्सुलेटिड ग्लास आदि के उपयुक्त उपयोगों एवम् उक्त उत्पादों के गुणवत्ता की भी जानकारी दी जायेगी। इस प्रकार की जानकारी से प्रोग्राम में भाग लेने वालों को यह लाभ होगा कि वे अपने क्लाइन्ट्स को कांच के उपयोग के बारे में सही एवम् तथ्यपरक जानकारी दे सकेंगे और उन्हें बिल्डिंग प्रयोग किये जाने वाले गलत कांच के चुनाव से होने वाली हानि बचा सकेंगे। उक्त ट्रेनिंग कोर्स मुख्य रूप से एआईएस ग्लास सोल्यूशन्स लि० द्वारा तैयार किये गये एक मैन्युअल पर आधारित है। एआईएस ग्लास सोल्यूशन्स लि० द्वारा बेसिक एवम् मूल्य वर्धित विभिन्न समतल कांच उत्पादों के बारे में के पश्चात् बेहद परिश्रम से तैयार किये गये उक्त मैन्युअल में एक सघन एवम् तथ्यपरक प्रमाणित वैज्ञानिक जानकारी दी गयी है। ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने वालों को उक्त मैन्युअल की प्रतियाँ वितरित की जायेंगी, जिसे वे संदर्भ हेतु अपने पास रख सकेंगे। उक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम की फीस 1250/- रखी गयी है, जिसमें उक्त दिन के दौरान लंच, रिफ्रेशमेंट एवम् ट्रेनिंग मैन्युअल की कॉम्पलीमेंट्री प्रति प्रदान करना भी शामिल है। प्रोग्राम समाप्ति पर प्रोग्राम में भाग लेने वालों को सी.सी.पी.एस. द्वारा उक्त आशय का प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।, और अधिक जानकारी के लिये सी.सी.पी.एस. के निम्नलिखित कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है:-

Contact
ANKITA BHATTACHARYA,
CONFEDERATION OF CONSTRUCTION PRODUCTS & SERVICES
G-4, 3rd Floor,
Raj Tower-II, Alaknanda Shopping Complex,
New Delhi - 110 019
Ph. : 011-26445615
Fax : 011-26216709
(M) (+91) 9891595069
E-mail :
training@ccpsindia.com

# सी.सी.पी.एस. — एक परिचय

कन्फीडेरेशन ऑफ कन्स्ट्रक्शन प्रोडक्ट्स एण्ड सर्विसेस (सी.सी.पी.एस.) एक ऐसा अलाभकारी संगठन है, जो अपने सदस्यों एवम् कन्स्ट्रक्शन उद्योग से जुड़े अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर कन्स्ट्रक्शन उद्योग में प्रयुक्त उत्पादों की गुणवत्ता एवम् सक्षमता के सुधार तथा विभिन्न प्रकार के कन्स्ट्रक्शन उत्पादों के सम्पोषणीय विकास (Sustainable Growth) हेतु समर्पित है। सी.सी.पी.एस. विभिन्न प्रकार के कन्स्ट्रक्शन उत्पादों एवम् इनके उपयोगों के बारे में जन-सामान्य हितार्थ ठोस विचार विमर्श हेतु एक कॉमन प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है, जहाँ उत्पाद निर्माता, कन्स्ट्रक्शन उद्योग से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए बिल्डर्स, प्रमोटर्स, कान्ट्रेक्टर्स, आर्किटेक्ट्स/इन्टीरियर डिजाइनर्स, प्रोफेशनल्स एवम् अन्य व्यक्तियों के मध्य सार्थक विचारों का आदान-प्रदान होता है, अर्थात् सी.सी.पी.एस. कन्स्ट्रक्शन उद्योग से जुड़ी हुई समस्त श्रंखला के मध्य संवाद की स्थिति बनाये रखता है।

## सी.सी.पी.एस. की पहल

सी.सी.पी.एस. वर्तमान में कन्स्ट्रक्शन उत्पादों एवम् सेवाओं के क्षेत्र में निम्नलिखित समयानुसार वांछित एवम् ज्वलन्त मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्यशील है —

1. *उत्पाद स्तरीयकरण एवम् बिल्डिंग कोड्स व्यवहार*

सी.सी.पी.एस. कन्स्ट्रक्शन उद्योग में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के उत्पादों के भारतीय स्थितियों के अनुकूल अद्यतन स्तरीयकरण एवम् बिल्डिंग मैटीरियल कोड्स में वांछित परिवर्तन हेतु सरकारी स्तर पर प्रयासरत है, जिससे उपयोगकर्ताओं एवम् उत्पाद निर्मातागण पारस्परिक रूप से लाभान्वित हो सकें। उत्पादों की उपयुक्तता एवम् गुणवत्ता के बारे में समय-समय पर उपयोगकर्ताओं को सचेष्ट एवम् सूचित करने के दायित्व का भी सी.सी.पी.एस. अनुपालन करता है।

प्रोजेक्ट्स

- ब्यूरो ऑफ इनर्जी एफीसियेन्सी (BEE) के प्रमाणीकरण के साथ न्यू इनर्जी कोड़ बनाने हेतु तत्परता
- पॉवर टूल्स एवम् एसेसरीज के चुनाव पर मैन्युअल का प्रकाशन
- सेरेमिक टाइल्स के इन्स्टालेशन एवम् मेन्टेनेन्स के चुनाव पर मैन्युअल प्रकाशन की तैयारी
- डाइमेन्शनल स्टोन्स के इन्स्टालेशन एवम् मेन्टेनेन्स के चुनाव हेतु मैन्युअल के शुभारम्भ हेतु तत्परता
- कांच एवम् ग्लेजिंग उद्योग का स्तरीयकरण

  ग्लास उपयोग गाइडलाइन्स: गाइडलाइन्स हेतु रिपार्ट तैयार है।

  कांच एवम् ग्लेजिंग ग्रुप ने देश के अग्रणी कांच निर्माताओं, प्रोसेसर्स एवम् फैबरीकेटर्स के साथ मिलकर एक संगठन स्थापित किया है।

2. *कामगारों को ट्रेनिंग*

कन्स्ट्रक्शन उद्योग में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के उत्पादों के उपयोग एवम् इन्स्टालेशन से सम्बन्धित उन्नत एवम् सतत् गुणवत्ता की तथ्यपूर्ण वैज्ञानिक जानकारी सहित समुचित प्रशिक्षण प्रदान करना, जिससे कन्स्ट्रक्शन उद्योग में कुल मिलाकर वांछित गुणवत्ता विकसित हो सके।

3. *स्तरीयकरण एवम् प्री-एसेम्बली*

कन्स्ट्रक्शन उद्योग में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के उत्पादों के स्तरीयकरण एवम् प्री-एसेम्बल्ड उत्पादों के उपयोग को मूर्त रूप देने हेतु सी.सी.पी.एस. प्रयासरत है। स्टेन्डर्ड साइजेज एवम् डाइमेन्शन्स में प्री-फैबरीकेटेड एवम् प्री-एसेम्बल्ड उत्पादों/ उपकरणों के उपयोग प्रचलन से जहाँ एक तरफ उत्पादन/निर्माण क्षमता में वृद्धि होती है, वहीं दूसरी तरफ उपयोगकर्ताओं को उत्पाद/उपकरण अविलम्ब उपलब्ध हो जाते हैं, जिससे निर्माण की क्षमता को गति मिलती है।

4. *मार्केट आंकड़े*

किसी भी उद्योग के लिए मार्केट आंकड़े परमावश्यक है। कन्स्ट्रक्शन उद्योग से सम्बन्धित मार्केट आंकड़ों के कम्प्लाइजेशन की भी परमावश्यकता है। सी.सी.पी.एस. इस दिशा में कार्यरत है, जिससे कन्स्ट्रक्शन उद्योग के बारे में बतौर रेडी रेकनर वांछित आंकड़े उपलब्ध हो सकें। तथ्यपूर्ण वांछित आंकड़ों के विश्लेषण से कन्स्ट्रक्शन उद्योग के बारे में सही-सही भावी अनुमान लगाये जा सकते हैं।

सी.सी.पी.एस. ने कनाडा सरकार के लिए भारतीय बिल्डिंग मैटीरियल्स पर एक मार्केट अध्ययन रिपोर्ट तैयार की है।

## सी.सी.पी.एस. सदस्यों की एक सूची

- एजीवी एलफेब लि०
- एलूप्रो बिल्डिंग सिस्टम्स प्रा० लि०
- एन्कर इलैक्ट्रोनिक एण्ड इलैक्ट्रीकल्स लि०
- आरकस लि०
- एआईएस ग्लास सोल्यूशन्स लि०
- एशियन इलैक्ट्रोनिक्स लि०
- एटलस कोपको (इन्डिया) लि०
- बेल ग्रेनिटो
- कारटर होल्ट हार्वे
- डीसीएम श्रीराम कन्सोलिडेटिड लि०
- डेल्टन केबल्स लि०
- डो कोर्निंग
- ई.आई. डूपोन्ट इन्डिया प्रा० लि०
- ई.आई.डी. पेरी (इन्डिया) लि०
- गरवारे पोलिस्टर
- गोल्ड प्लस टफन्ड ग्लास लि०
- ग्रासिम इन्डस्ट्रीस लि० (सीमेन्ट बिज़नेस)

- ग्रीनप्लाई इन्डस्ट्रीज लि0
- जीएससी टफन्ड
- गुजरात एम्बुजा सीमेन्ट लि0
- गुजरात गार्जियन लि0
- गुरिन्द सिस्टम्स प्रा0 लि0
- एच. एण्ड आर. जोन्सन (इन्डिया) प्रा0 लि0
- हफेले इन्डिया प्रा0 लि0
- हेतिच इन्डिया प्रा0 लि0
- हिल्टी इन्डिया प्रा0 लि0
- के0के0 मेनहोल एण्ड
- लारजन एण्ड टबरो लि0
- मैकोय सिलीकोन्स लि0
- मोटर इन्डन्ट्रीज कं0 लि0
- नोवार इन्डिया लि0
- ओसराम इन्डिया प्रा0 लि0
- ओजोन ओवरसीज लि0
- पिडीलाइट इन्डस्ट्रीज लि0
- सेन्ट-गोबेन ग्लास इन्डिया लि0
- सारा एलजी आरटिरियर्स लि0
- सैजल आर्किटेक्चुरल ग्लास लि0
- श्री सीमेन्ट लि0
- सोलूटिया केमिकल्स इन्डिया प्रा0 लि0
- एसपीएल लि0
- स्टार एलू बिल्ड
- टाटा बीपी सोलर इन्डिया लि0
- टिस्को
- ट्रोसीफोल
- यू.पी. टिवगा फाइबर ग्लास लि0
- वाटरटेक
- जैक ट्रेड फेयर्स एण्ड एग्जीबिशन्स प्रा0 लि0

---


NEMAT™

UV light curing glue
SH110 for glass to glass
SH128 for Edge to surface of glass, glass to metal

NEMAT™

Water based glass color
No need to add thinner. Spray gun cleaning with water

RAJ MARKETING

C/o D.T. DALAL & CO.
27, Bapu Khote Street (Jamli Mohalla), MUMBAI - 400 003
Tel. : 23456640 (M) 9821476242

बिल्डिंग उद्योग के आधुनिकीकरण की दिशा में बढ़ते कदम

# 'सी.सी.पी.एस.' एवम् 'ईसान्या' के मध्य एमओयू अनुबन्ध सम्पन्न

जैसा हम वर्णन कर चुके हैं कि कन्फीडेरेशन ऑफ कन्स्ट्रक्शन प्रोडक्ट्स एण्ड सर्विसेस (सी.सी.पी.एस.) एक अलाभकारी संगठन है और जो विभिन्न प्रकार के परम्परागत एवम् आधुनिक बिल्डिंग मैटीरियल्स एवम् सर्विसेज की अद्यतन जानकारी के जन-जागरण माध्यम से देशीय बिल्डिंग उद्योग के उत्थान हेतु समर्पित है। अभी हाल ही में देश के एक ख्याति प्राप्त उद्यम - मैसर्स दीपक फर्टिलाइजर्स एण्ड पैट्रो केमिकल्स की एक डिविजन के रूप में पुणे स्थित एक नवस्थापित ईसान्या (ISHANYA) ऐसा प्रतिष्ठान है, जो बिल्डिंग उद्योग के लिए वांछित आंतरिक एवम् बाह्य उत्पादों एवम् सेवाओं के अनुसंधान, सघन अध्ययन एवम् तकनीकी जानकारी के प्रति समर्पित है। यह प्रतिष्ठान 1.10 बिलियन रुपये की लागत से 10 एकड़ जमीन पर फैला हुआ है और इस प्रतिष्ठान का निर्मित क्षेत्रफल 5,50,000 वर्ग फुट है। ईसान्या देश का अपने प्रकार का प्रथम अन्तर्राष्ट्रीन स्तर का 'आर्किटेक्चुरल हब' माना जाता है। अस्तु, दोनों ही संगठनों/ प्रतिष्ठानों (सी.सी.पी.एस. एवम् ईसान्या) का अनन्तिम लक्ष्य एक ही है और एक ही दिशा में कदम ताल करते हुए अग्रगामी हैं। 'एक और एक ग्यारह होते हैं' की कहावत को चरितार्थ करते हुए दोनों ही संगठनों/प्रतिष्ठानों के मध्य 25 मई, 2006 को नई दिल्ली में एक एमओयू (Memorandum of Understanding) अनुबन्ध सम्पन्न हुआ। सी.सी.पी.एस. की तरफ से श्री श्रीकान्त सोमानी, एम.डी., सोमानी टाइल्स लि० और ईसान्या की तरफ से ईसान्या के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर एवम् प्रेसीडेन्ट श्री आई०एस० नरुला ने अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये।

उक्त एमओयू अनुबन्ध के अनुसार सी.सी.पी.एस. एवम् ईसान्या एक दिशा में आगे बढ़ते हुए संयुक्त रूप से देशीय बिल्डिंग उद्योग के अपग्रेडेशन हेतु संयुक्त रूप से ट्रेनिंग प्रोग्राम आदि के माध्यम से पहल एवम् प्रयास करते रहेंगे। ईसान्या-सी.सी.पी.एस. की उक्त भागीदारी उपभोक्ताओं एवम् बिल्डिंग उद्योग को अद्यतन कन्स्ट्रक्शन मैटीरियल्स एवम् टेक्नोलॉजीज के प्रभावी उपयोग की जानकारी तथा ट्रेनिंग के माध्यम से लाभान्वित करने में सक्षम होगी। विदित हो, पुणे (महाराष्ट्रा) में ईसान्या एक ऐसे विशिष्ट मॉल एवम् अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विकासोन्मुख केन्द्र के रूप में निर्माणाधीन है, जहाँ बाह्य एवम् आन्तरिक डिजाइन प्रमोशन, अद्यतन बिल्डिंग्स मैटीरियल्स एवम् तकनीकी आदि सेवाओं के माध्यम से बिल्डिंग निर्माण को एक अभिनव गति प्रदान करेगा। इस केन्द्र में एक तरह से बिल्डिंग सम्बन्धित समस्त प्रकार की समस्याओं का समाधान उपलब्ध होगा। केन्द्र द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ उठाने वाला कोई भी ग्राहक हो सकता है, यथा आर्किटेक्ट्स, बिल्डर्स, डिजाइनर्स, कान्ट्रेक्टर्स अथवा अन्य कोई व्यक्ति।

सी.सी.पी.एस. एवम् ईसान्या के मध्य एमओयू अनुबन्ध सम्पन्न होने के उक्त अवसर पर देशीय बिल्डिंग उद्योग में डोर्स एवम् विन्डोज के स्टेन्डर्डाईजेशन की पहल के क्रियान्वयन की दिशा में किये जाने वाले प्रयासों के प्रथम चरण की भी घोषणा की गयी। डोर्स, विन्डोज एवम् अन्य सम्बन्धित घटकों के स्टेन्डर्ड साइजेज के स्टेन्डर्डाईजेशन से जहाँ एक तरफ वेस्टेज कम होती है, वहीं आर्थिक उपायदेयता के साथ-साथ गुणवत्ता में भी सुधार होता है। सी.पी.डब्ल्यू.डी., हुडको, एन.बी.सी.सी., एआईएस ग्लास सोल्यूशन्स लि., फेनेस्टा बिल्डिंग सिस्टम, इन्डिया इन्स्टीटयूट ऑफ आर्किटेक्ट्स तथा ऑल इन्डिया फ्लेट ग्लास मैन्युफैक्चरर्स एसोसियेशन्स आदि कुछ ऐसे प्रमुख संगठनों ने डोर्स, विन्डोज एवम् अन्य सम्बन्धित घटकों के स्टेन्डर्डाईजेशन की इस दिशा में पहल करने हेतु अपने समर्पित विचारों की अभिव्यक्ति की।

Ph. ; 2547837 (M) 98270-54379, 98930-54379

**BALAJEE GLASS & PLYWOOD CENTRE**

(Prop. : Girish Madaan)

Marwari Road, BHOPAL - 462 001 (M.P.)

**STOCKISTS**

MODIGUARD AIS SAINT-GOBAIN GLASS INDIA

**PROCESSORS** * Etching * Air Brushing * Stained Glass

* Cluster Work * Acid Work * Decorative Mirrors * Crackle Work